विक्टोरियाई सुपरकेयर फ़ार्मेसियां

Victorian Supercare Pharmacies – Hindi | हिन्दी

OFFICIAL

विक्टोरियन सुपरकेयर फ़ार्मेसी को पेशेवर स्वास्थ्य देखभाल और सलाह सुलभ कराने के लिए विक्टोरिया सरकार का समर्थन प्राप्त है।

सुपरकेयर फ़ार्मेसी:

- यह सप्ताह में सातों दिन, कार्यकाल के बाद भी खुली रहती है, और सलाह, दवाइयों की आपूर्ति और नुस्खे की दवाइयाँ देना सुलभ करने के लिए फ़ार्मासिस्ट तक पहुँच प्रदान करती है।
- मामूली बीमारी और चोटों के लिए प्रतिदिन शाम 6बजे से रात 10बजे के बीच निःशुल्क नर्सिंग सेवा के साथ यहाँ एक निजी परामर्श कमरा होता है।
- आपके समुदाय में यह अतिरिक्त सेवा प्रदान करने के लिए चयनित फ़ार्मेसी के नाम और ब्रांडिंग के तहत कार्य करती है। इन्हें सप्ताह में सातों दिन, कार्यकाल के बाद खुले रहने के लिए सरकार द्वारा समर्थित किया जाता है और आपके यहाँ आने पर गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए नर्स के लिए एक समर्पित निजी परामर्श कमरा होता है।
- आपकी निजता का सम्मान करती है। आपकी स्वास्थ्य जानकारी केवल आपकी सहमति से और आपके सामान्य चिकित्सक सहित बहुत विशिष्ट उद्देश्यों के लिए ही साझा की जाएगी।
- दुभाषिया सेवाओं तक पहुंच है।
- रात के समय साइट पर एक सुरक्षा गार्ड होता है और यदि स्थिति की आवश्यकता हो तो उपयुक्त आपातकालीन सेवाएं उपस्थित होंगी।
- मानक उपशामक देखभाल दवाओं का भंडारण होता है।

नर्सिंग सेवा

- पंजीकृत नर्स हर रात 6 बजे से 10 बजे के बीच परामर्श के लिए उपलब्ध है।
- नर्स सहज स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कि रैशेज, हेफीवर और कीड़े के काटने के लिए किसी का भी आकलन और इलाज करने में सक्षम हैं, और हल्की जलन, घाव और खरोंच का इलाज कर सकते हैं। वे रक्तचाप की जांच करने, टीकाकरण देने और जीवनशैली संबंधी सलाह और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने में भी सक्षम होंगे।
- कुछ टीकाकरणों को प्रशासित करने के लिए नर्सें उपलब्ध हैं, जैसे काली खांसी और इन्फ्लूएंजा के टीके। वे डॉक्टर द्वारा निर्धारित टीकाकरण को भी प्रशासित करने में सक्षम हैं।
- सुपरकेयर फ़ार्मेसी में उपलब्ध नर्सें नुस्खे (प्रिस्क्रिप्शन) प्रदान करने में सक्षम नहीं हैं। चिकित्सा समीक्षा की आवश्यकता होने पर नर्सें अन्य उपयुक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का सुझाव देंगी।
- मरीजों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर देखा जाता है। नियुक्ति की कोई आवश्यकता नहीं है। व्यक्ति की समस्या के लिए ऊँचे स्तर की देखभाल की आवश्यकता पड़ने पर उन्हें अधिक उपयुक्त सेवा के प्रति निर्देशित किया जाता है।
- सुपरकेयर फ़ार्मेसी में नर्स को देखने के लिए कोई परामर्श शुल्क नहीं है। परामर्श के दौरान नर्स द्वारा उपयोग की जाने वाली चिकित्सा आपूर्ति भी निःशुल्क है। मरीज फार्मेसी से अतिरिक्त उत्पाद खरीदने का फैसला ले सकते हैं।

- आपके पास मेडीकेयर कार्ड होना आवश्यक नहीं है। यह सेवा सभी विक्टोरियाई लोगों और राज्य में आने वाले आगंतुकों के लिए उपलब्ध है।
- कुछ मामलों में, उपचार का सबसे उपयुक्त रूप एक सामान्य चिकित्सक से उपलब्ध हो सकता है। नर्सें सुझाव दे सकते/सकती हैं कि जीपी उपलब्ध होने पर आप अपने नियमित जीपी को मिलें। सुपरकेयर फ़ार्मेसी की नर्स कार्यकाल के बाद की स्थानीय सेवाओं या अन्य चिकित्सा सेवाओं का सुझाव दे सकती है। आपकी सहमति से, नर्स आपके जीपी के लिए इस बारे में विवरण के साथ एक लिखित सारांश प्रदान करेंगे कि आपने सुपरकेयर फ़ार्मेसी में क्यों आए थे/आई थी।

स्थान

विक्टोरिया में बीस सुपरकेयर फ़ार्मेसियां खुली हुई हैं, जिनमें से छह ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं:

ध्यान दें: फ़ार्मेसियों के खुलने के समय में परिवर्तन हो सकता है। वहाँ जाने से पहले कृपया फ़ार्मेसी से संपर्क करें या गूगल पर देखें।

क्षेत्र	**संपर्क**	**कार्यकाल**
Ballarat	UFS Dispensaries 717 Sturt Street, Ballarat फो: 5331 9811	सुबह 7बजे – रात 11बजे, सप्ताह में 7 दिन
Bendigo	Bendigo UFS Pharmacies Corner View and Barnard Streets Bendigo फो: 5443 4610	सुबह 7बजे – रात 11बजे, सप्ताह में 7 दिन
Craigieburn	Chemist Discount Centre 2A/340 Craigieburn Road, Craigieburn फो: 9308 4981	सुबह 7बजे – रात 11बजे, सप्ताह में 7 दिन
Hoppers Crossing	Chemist Warehouse Shop 24-25, 428 Old Geelong Rd Hoppers Crossing फो: 9931 0040	सुबह 7बजे – रात 11बजे, सप्ताह में 7 दिन
Melton	Chemist Warehouse Unit 4 Melton Gateway, 66-84 High St, Melton फो: 9746 8733	सुबह 7बजे – रात 11बजे, सप्ताह में 7 दिन
Mildura	Chemist Warehouse 114A -118 Langtree Ave, Mildura फो: 5023 2383	सुबह 7बजे – रात 11बजे, सप्ताह में 7 दिन
Traralgon	Chemist Warehouse 92 Franklin St, Traralgon फो: 5174 2003	सुबह 7बजे – रात 11बजे, सप्ताह में 7 दिन
Yarraville	Carnovale Pharmacy 149 Somerville Road,	सुबह 7बजे – रात 11बजे, सप्ताह में 7 दिन

	Yarraville फो: 9314 7557	

इस दस्तावेज को अन्य प्रारूप में प्राप्त करने के लिए आवश्यकतानुसार राष्ट्रीय रिले सेवा 13 36 77 का उपयोग करके 1300 650 172 पर कॉल करें, या प्राथमिक, मौखिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य इकाई, Supercare Pharmacies <Supercarepharmacies@health.vic.gov.au> को ईमेल भेजें।

विक्टोरिया सरकार, 1 ट्रेज़री प्लेस, मेलबर्न द्वारा प्राधिकृत और प्रकाशित।

©विक्टोरिया राज्य, ऑस्ट्रेलिया, स्वास्थ्य विभाग, जुलाई 2023.

बेहतर स्वास्थ्य चैनल <https://www.betterhealth.vic.gov.au/health/servicesandsupport/victorian-supercare-pharmacies> पर उपलब्ध